तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज राजूराम साहू बनाम लो.सू.अ.(तहसीलदार लूणी) सू.अ.अ. संख्या 82/2017	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14.06.17	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी राजूराम साहू पता 564, मंगलनगर, गुड़ा विश्नोईयान वाया लूणी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 12.04.17 में उसके द्वारा (1) तहसील कार्यालय लूणी परिसर में लोहे का केबिन एवं कार्यालय के बाहर तीन केबिन लगे हुए है उनसे संबंधित सूचना परिसर के अन्दर लगा हुआ केबिन कार्यालय का है या वेन्डर का व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को प्रेषित किया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा तहसीलदार लूणी को निर्देशित किया जाता है कि विधिक प्रावधानों के अधीन रहते हुए प्रार्थी को 15 दिवस में सूचना दी जावे। आदेश सुनाया गया। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो।	